प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

....................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जोधपुर प्रवास पर है। उन्होंने आईआईटी जोधपुर के 11वें दीक्षांत समारोह में षिरकत की। समारोह में 1 हजार 224 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। साथ ही नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी. के. सारस्वत, केन्द्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव प्रो. आशुतोष शर्मा और अशोक लीलैंड के पूर्व प्रबंध निदेशक विपिन सोंधी को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्योग में उनके अग्रणी नेतृत्व और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके बाद श्री शर्मा संभाग स्तरीय लोकतंत्र सेनानी समारोह में भाग लेंगे। प्रदेष में विभिन्न स्थानों पर भी लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह आयोजित किये जा रहे है। श्रीगंगानगर के सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों को तुलसी का पौधा देकर और शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया।

....................

आज अंतर्राष्ट्रीय नषानिरोधक दिवस है। ये दिन मादक पदार्थो के उपयोग और उनकी अवैध तस्करी के विरोध में मनाया जाता है। यह दिवस मादक पदार्थ मुक्त अंतर्राष्ट्रीय समाज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्रवाई और सहयोग मजबूत करने का आह्वान करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में "नशा मुक्त भारत पखवाड़ा" मनाने के लिए मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो –एनसीबी की सराहना की है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेषवासियों से इस अवसर पर नषे से दूर रहने का संकल्प लेने की अपील की है। उन्होंने एक सोषल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वस्थ जीवन ही सषक्त और मजबूत राष्ट्र की नींव है। उन्होंने समाज में नषे की बुरी लत के प्रति जनजागरूकता फैलाकर नषामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है।

....................

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आई.एस.एस. पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचने जा रहे हैं। कैप्टन शुक्ला और तीन अन्य सदस्यों को लेकर एक्सिओम–फोर मिशन आज शाम साढे चार बजे आई.एस.एस. पहुंचेगा। यह 41 वर्ष बाद है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएगा। शुभांशु शुक्ला 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे।

....................

राज्य सरकार ने झुंझुनूं जिले में 8 नये शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की मंजूरी दी है। इनमें झुंझुनूं और उदयपुरवाटी में दो–दो, सिंघना, नवलगढ, खेतडी और पिलानी में एक–एक अस्पताल खोला जायेगा। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि इन अस्पतालों के खुलने से लोगों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लेने के लिए शहर के बडे अस्पतालों का रूख नहीं करना पडेगा। उन्होंने बताया कि ये अस्पताल मुख्य सरकारी अस्पतालों से कुछ दूरी पर आबादी वाले क्षेत्रों में खोले जायेंगे। उन्होंने बताया कि तीन अस्पतालों को इसी सप्ताह में शुरू किया जायेगा। यहां पर विभिन्न बीमारियों की 14 तरह की जांच सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही मुफ्त परामर्ष और दवा दी जायेगी।

....................

प्रदेष में दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत विभिन्न स्थानों पर षिविर लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पंहुचाया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। जालौर में 24 ग्राम पंचायतों में आज षिविर लगाये गये है। इसी तरह सवाईमाधोपुर में बंधा, मेनपुरा, पढाना और मुई ग्राम पंचायतों में षिविर लगाये गये है। हनुमानगढ, संगरिया, नोहर, पीलीबंगा और रावतसर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी षिविरों के माध्यम से पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पंहुचाया जा रहा है।

....................

राज्य में पिछले 24 घंटों में पूर्वी क्षेत्रों में अधिकांष स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिष दर्ज की गयी ।इन हिस्सों में कहीं–कहीं भारी बरसात भी हुई। वहीं पष्चिमी इलाकों में कुछ स्थानों पर बारिष के समाचार है। सबसे अधिक 11 दषमलव 5 सेंटीमीटर पानी बांसवाड़ा के भूंगड़ा मे बरसा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में इस महीने की शुरूआत से लेकर 24 जून तक सामान्य से 135 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। हालांकि पश्चिमी जिलों जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर और बाड़मेर को अभी भी अच्छी बारिष का इंतजार है। विभाग ने आज 30 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। श्रीगंगानगर, बीकानेर, हनुमानगढ़ और जैसलमेर जिलों तथा

आसपास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। साथ ही कहीं—कहीं तेज रफ्तार हवाओं के साथ बिजली गिरने और तेज बरसात की संभावना है।
भीलवाडा, करौली, दौसा, सवाईमाधोपुर, चित्तौडगढ, भरतपुर, नागौर, पाली और चूरू जिलों में अलग—अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है।

....................